# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज०) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्स: 0141-2850551–75


क्रमांक पं.(01)जरारासंविवि / पीएसएसटी / 23 / 3111

दिनांक 18/8/23

## विज्ञप्ति

### प्री–शिक्षाशास्त्री, प्री–शास्त्री–शिक्षाशास्त्री एवं प्री–शिक्षाचार्य 2023 हेतु आवेदन

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में सत्र 2023–24 में द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम, चारवर्षीय इन्टीग्रेटेड शास्त्री–शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम एवं शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु राज्य सरकार और राष्ट्रीय–अध्यापक–शिक्षा–परिषद् के नियमानुसार पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री एवं चार वर्षीय इन्टीग्रेटेड शास्त्री शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम हेतु क्रमशः सामान्य कला स्नातक तथा सामान्य उच्च माध्यमिक (10+2) उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.jrrsanskrituniversity.ac.in पर दिनांक 21.08.2023 से 21.09.2023 तक** उपलब्ध रहेगा। प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत सूचना / प्रवेश विवरणिका विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर उपलब्ध होगी। अभ्यर्थी अपनी अभ्यर्थिता जाँच कर ही आवेदन करें। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि प्रवेश सम्बन्धी सूचनाओं के लिए विश्वविद्यालय वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

**हैल्पलाइन नम्बर** - 0141-2850552
9001525777
हैल्पलाइन ई–मेल - jrrsu.pssst@gmail.com

कुलसचिव एवं समन्वयक
PSST, PSSST, PSAT- 2023

G:/psst-2020/official letter-2020

जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज.) - 302026
वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्स: 0141-2850551-75

कमांक पं.(1)जरारासंविवि / पीएसएसटी / 23 /   दिनांक

## प्री–शिक्षाशास्त्री, प्री शास्त्री–शिक्षाशास्त्री एवं प्री–शिक्षाचार्य टेस्ट–2023
## अधिसूचना संख्या 01 / 2023

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध और राजस्थान में स्थित विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों में सत्र 2023–24 हेतु **द्विवर्षीय शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम, चार वर्षीय इन्टीग्रेटेड शास्त्री–शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम** और **शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम** में प्रवेश हेतु राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय–अध्यापक–शिक्षा–परिषद् के नियमानुसार होने वाले **प्री–शिक्षाशास्त्री टेस्ट (PSST)–2023, प्री–शास्त्री शिक्षाशास्त्री टेस्ट (PSSST)**–2023 एवं **प्री–शिक्षाचार्य टेस्ट (PSAT)–2023** के लिए पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

### पात्रता :–

1. **प्री–शिक्षाशास्त्री टेस्ट (PSST)–2023 :**

विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / संस्थान की शास्त्री / आचार्य परीक्षा में अथवा संस्कृत विषय सहित स्नातक / स्नातकोत्तर परीक्षा में जो इस विश्वविद्यालय की शास्त्री / आचार्य परीक्षा के समतुल्य मानी गई हो तथा सामान्य कला (स्नातक / स्नातकोत्तर संस्कृत विषय रहित) –न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले तथा प्रवेश–अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाले अभ्यर्थी पीएसएसटी के माध्यम से शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम में आवेदन करने योग्य होंगे। राजस्थान के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग दिव्यांग तथा विधवा एवं तलाकशुदा महिला अभ्यर्थी जिन्होंने शास्त्री / आचार्य / संस्कृत विषय सहित स्नातक (बी.ए. / स्नातकोत्तर (एम.ए) संस्कृत परीक्षा तथा सामान्य कला (स्नातक / स्नातकोत्तर संस्कृत विषय रहित) में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक (राज्य सरकार के नियमानुसार) प्राप्त किये हों, वे भी इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन के पात्र हैं।

राजस्थान सरकार शिक्षा (ग्रुप–6) विभाग के पत्रांक क्रमांक पं.18(1)शिक्षा–6 / 2016 दिनांक 19.05.2022 के निर्देशानुसार शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्हक परीक्षा शास्त्री / बी.ए. (संस्कृत सहित), आचार्य / एम.ए. (संस्कृत) तथा सामान्य कला स्नातक / स्नातकोत्तर (संस्कृत विषय रहित) उत्तीर्ण / तृतीय वर्ष / अन्तिम सेमेस्टर में बैठने वाले विद्यार्थी भी पीएसएसटी 2023 के लिए आवेदन कर सकते हैं तथा प्रवेश परीक्षा में बैठ सकते हैं। (एक अतिरिक्त विषय के रूप में संस्कृत की परीक्षा उत्तीर्ण कर आचार्य / एम.ए. (संस्कृत) परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी भी पीएसएसटी के लिए पात्र होंगे।) बी.ए. / बी.एस.सी. / बी.कॉम की उपाधि संस्कृत के बिना उत्तीर्ण होने वाले वे अभ्यर्थी जिन्होंने एम.ए. संस्कृत में कर लिया हो वे भी पीएसएसटी 2023 के लिए पात्र होंगे। सामान्य कला संकाय से स्नातक भी उक्त पाठ्यक्रम के लिए अर्ह माने गये हैं।

जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज॰) - 302026
वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्स: 0141-2850551–75

## 2. प्री–शास्त्री शिक्षाशास्त्री टेस्ट (PSSST)–2023:

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर, राजस्थान से वरिष्ठ उपाध्याय/सीनियर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा (संस्कृत विषय सहित)/कला संकाय से सीनियर सेकेण्डरी (संस्कृत विषय से रहित) 10+2 उत्तीर्ण विद्यार्थी तथा इनके समकक्ष परीक्षा जो माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर राजस्थान के वरिष्ठ उपाध्याय/सीनियर सेकेण्डरी (10+2) / कला संकाय से सीनियर सेकेण्डरी (10+2) (संस्कृत विषय से रहित) परीक्षा के समतुल्य हों तथा इसमें सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी न्यूनतम 50 प्रतिशत और राजस्थान के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग, विधवा एवं तलाकशुदा महिला अभ्यर्थी न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक (राज्य सरकार के नियमानुसार) प्राप्त किये हों साथ ही प्रवेश की अन्य अपेक्षाओं की पूर्ति करते हों, ऐसे अभ्यर्थी पीएसएसएसटी 2023 के माध्यम से शास्त्री–शिक्षाशास्त्री (चार वर्षीय पाठ्यक्रम) में प्रवेश हेतु आवेदन करने के योग्य हैं।

अर्हक परीक्षा–वरिष्ठ उपाध्याय/सीनियर सेकेण्डरी (10+2) (संस्कृत विषय सहित) **तथा कला संकाय से सीनियर सेकेण्डरी (10+2) (संस्कृत विषय से रहित)** या समकक्ष उत्तीर्ण या इन परीक्षाओं के अन्तिम वर्ष में 2023 में बैठने वाले विद्यार्थी भी प्री–पीएसएसएसटी 2023 के माध्यम से चार वर्षीय शास्त्री–शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं तथा पीएसएसएसटी परीक्षा 2023 में भाग ले सकते हैं। कला संकाय से सीनियर सेकेण्डरी(संस्कृत विषय रहित) (10+2) के आधार पर शास्त्री–शिक्षाशास्त्री प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते है।

## 3. प्री–शिक्षाचार्य टेस्ट (PSAT)–2023:

विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय से शिक्षाशास्त्री/बी.एड. (संस्कृत शिक्षण विषय सहित) में **सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 55 प्रतिशत, राजस्थान के अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग तथा विधवा एवं विवाहविछिन्न तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के लिए 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं।**

**उपर्युक्त सभी परीक्षाओं हेतु वांछित न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत की गणना में एक अंक (प्वाइन्ट) भी कम स्वीकार्य नहीं होगा** एवं ऐसा होना आवेदक की अभ्यर्थिता को निरस्त करने का पर्याप्त कारण होगा। अर्हक परीक्षा में इस वर्ष बैठने वाले विद्यार्थी भी **पीएसएसटी, पीएसएसएसटी एवं पीएसएटी परीक्षा 2023** के लिए आवेदन कर सकते हैं **बशर्ते उनके काउन्सलिंग में भाग लेने के लिए महाविद्यालय रिपोर्टिंग की अन्तिम तिथि तक प्रवेश हेतु अर्हक परीक्षा का परिणाम आ चुका हो तथा मूल अंक तालिका पात्रता प्राप्तांक सहित उनके पास हो।** यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे अभ्यर्थियों से महाविद्यालय में रिपोर्टिंग के समय अन्य किसी प्रकार का प्रोविजनल प्रमाण–पत्र अथवा समाचार पत्र में घोषित परिणाम या इंटरनेट से जारी अंकतालिका आदि स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

प्री–शिक्षा शास्त्री एवं प्री–शास्त्री–शिक्षा–शास्त्री हेतु सामान्य कला वर्ग (संस्कृत रहित) के अभ्यर्थियों को पाठ्यक्रम में 6–माह का संस्कृत ब्रिज कोर्स एवं 21 दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर के माध्यम से संस्कृत भाषा अर्हता अनिवार्य रूप से अर्जित करनी होगी और इसकी पृथक से परीक्षा भी देनी होगी।

**आरक्षणः**–राजस्थान राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ा वर्ग, महिलाओं, दिव्यांग, सैनिकों व उनके आश्रितों, विवाह विच्छिन्न/विधवा महिलाओं व टाडा, माडा, सहरिया क्षेत्र (सहरिया जाति) के निवासियों, आर्थिक कमजोर वर्ग (EWS) एवं अन्य को राज्य सरकार के नियमानुसार प्रवेश हेतु आरक्षण उपलब्ध होगा।

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं विस्तृत दिशा निर्देश वेबसाइट **www.jrrsanskrituniversity.ac.in** पर उपलब्ध होंगे।

**आवेदन प्रक्रियाः– On-line Application Form** उपर्युक्त वर्णित वेबसाईट के माध्यम से भरे जायेंगें। **राजस्थान राज्य के अभ्यर्थी जनआधार नम्बर के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन पत्र भर सकेंगे वही पर राजस्थान से बाहर के अभ्यर्थी आधार नम्बर के माध्यम से ऑनलाईन आवदेन कर सकेंगे।** ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा–निर्देशों को भली भाँति पढ़ कर अपनी पात्रता की जांच स्वये अपने स्तर पर करें। **हाथ से भरे गए आवेदन–पत्र विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किए जायेंगे।**

**आवेदन शुल्क** :– अभ्यर्थी द्वारा आवेदन शुल्क राशि 500/– (पाँच सौ रूपये मात्र) वेबसाइट के माध्यम से जमा करवाये जा सकेंगे। आवेदन शुल्क जमा करवाने के पश्चात् निर्धारित दिनांक तक आवेदन पत्र का प्रिन्ट नहीं प्राप्त होता है तो निर्धारित अवधि में हैल्पलाइन नं. 0141-2850552 पर संपर्क करें।

**ऑनलाईन आवेदन पत्र–** ऑनलाईन आवेदन पत्र अत्यन्त सावधानी पूर्वक भर कर उसका प्रिन्ट लें एवं परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड प्रति एवं आवश्यक प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति अपने पास सुरक्षित संभाल कर रख लें जिन्हें काउंसलिंग के उपरान्त आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश के समय जमा करवाना आवश्यक है। ऑनलाईन आवेदन के समय चयनित केन्द्र ही परीक्षा के लिए आवंटित किया जायेगा। परीक्षा केन्द्र आवंटन में समन्वयक पीएसएसटी, पीएसएसएसटी, पीएसएटी परीक्षा 2023 का निर्णय अंतिम होगा।

**नोट–1. परीक्षार्थी अपना मोबाईल नं. सही भरें ताकि परीक्षा संबंधित सूचना एस.एम.एस. (SMS) के माध्यम से संबंधित मोबाईल नम्बर पर यथासंभव दी जा सके। आवेदक द्वारा विश्वविद्यालय से पात्रता परीक्षा हेतु पत्राचार करने पर अपना आवेदन पत्र क्रमांक, पत्र व्यवहार का पूर्ण पता, पिनकोडएवं मोबाईल नम्बर आवेदन पत्र में आवश्य ही अंकित करें ताकि आवश्यकतानुसार पत्राचार किया जा सकें।**

ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्ण रूप से भरकर ऑनलाइन ही **submit** करें तथा इसका प्रिन्ट प्राप्त कर अभ्यर्थी स्वयं के पास सुरक्षित रखें। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे समय–समय पर निर्धारित वेबसाइट **www.jrrsanskrituniversity.ac.in** का अवलोकन करें। किसी भी प्रकार के संशोधन हेतु पृथक से विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जायेगा तथा व्यक्तिगत किसी को भी पृथक् से सूचित नहीं किया जावेगा।

2. ऑनलाइन आवेदन पत्र बेवसाइट **www.jrrsanskrituniversity.ac.in** पर दिनांक **21.08.2023** से उपलब्ध होंगे।

**हैल्पलाइन नम्बर** - 0141-2850554
9001525777
9414348117
9928700607
7742161666

हैल्पलाइन ई–मेल - jrrsu.pssst@gmail.com

कुलसचिव एवं समन्वयक
**PSST, PSSST, PSAT-2023**